# श्याम धणी के द्वार जो भी आएगा भजन लिरिक्स

श्याम धणी के द्वार जो भी आएगा,
मुंह मांगी भक्तों मुरादे पाएगा।bd।

---

ये द्वार हैं जग से न्यारा,
लगता है बड़ा ही प्यारा,
आकर यहां पर भक्तों,
जन्नत का कर लो नजारा,
मन ये हर्षाएगा,
तन का रोग विकार,
सब मिट जाएगा
श्याम धनी के द्वार जो भी आएगा,
मुंह मांगी भक्तों मुरादे पाएगा।bd।

---

श्री श्याम की करके भक्ति,
कष्टों से मिलेगी मुक्ति,
भर जाएगा घर अन्न धन से,
खिल जाएगी बगिया मन की,
भाग्य खुल जाएगा,
सांवरा सरकार बिगड़ी बनाएगा,
श्याम धनी के द्वार जो भी आएगा,
मुंह मांगी भक्तों मुरादे पाएगा।bd।

---

कलयुग में श्याम के जैसा,
दातार नहीं कोई दूजा,
इसलिए जगत में इनकी,
होती है घर घर पूजा,
इन्हें जो ध्याएगा,
खाटू वाला श्याम,
दरश दिखलाएगा,
श्याम धनी के द्वार जो भी आएगा,
मुंह मांगी भक्तों मुरादे पाएगा।bd।

---

पावन यह खाटू नगरी,
पावन है ये श्याम का डेरा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

एक बार यहाँ का तू भी,
‘राजेश’ लगाले फेरा,
पाप कट जाएगा,
बाबा तुझ पर प्रेम,
सदा बरसाएगा,
श्याम धनी के द्वार जो भी आएगा,
मुंह मांगी भक्तों मुरादे पाएगा।bd।

---

श्याम धणी के द्वार जो भी आएगा,
मुंह मांगी भक्तों मुरादे पाएगा।bd।

**Singer – Pratishtha Mishra**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com